तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 फरसगांव थाने के पुलिसकर्मियों ने केक ...



10 प्राथमिक विद्यालय में नन्हे बच्चों ने हर्षोल्लास...



## खबर संक्षेप

### बाजार में टमाटर 8 रुपए किलो में बिका



**जगदलपुर।** रंगपंचमी के बाद भी सब्जी बाजार में रौनक नहीं लौटी है, जिससे किसानों और व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है। थोक मंडियों में आवक बढ़ने के कारण टमाटर 8 रुपए किलो में बिक रहा हैं। बाजार में लोकल टमाटर रायपुर भेजा जा रहा है, जबकि बाहर से प्रतिदिन लगभग 10 ट्रक शहर में पहुंचता था। बाजार में मटर 40, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 20, भिंडी 80, आलू 20, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, करेला 50 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी, प्याज भाजी 20 रूपए में 3 जूड़ी बिक रही है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में इनवीनसिबल डायनामाइट विजेता, रॉयल उपविजेता



**जगदलपुर।** चन्दैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लालचर्च द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इंटर डिनॉमिनेशन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लालचर्च मैदान में मुख्य अतिथि रेव्ह. लारेन्स दास एवं विशिष्ट अतिथि जे. बेचक, रजनीन्द डेनियल, रत्नेश बेंजमिन की उपस्थिति में हुआ। मैच का फाइनल में समाज के प्रमुख पदाधिकारी के बीच आज मैच का फाइनल मैच हुआ। मैच का फाइनल में टास रायल बायज टीम ने जीता और फिल्डिंग का फैसला लिया। इनवीनसिबल डायनामाइट ने बैटिंग का फैसला लिया। क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल संचालन सोशल कमेटी के अध्यक्ष मनीष सीरिल एवं उनकी टीम से हुआ। कमेंट्री बॉक्स में अभिषेक कालेट ने अपनी सेवाएं दी, स्कोरर के रूप में दिलीप अमोलिक, डेनियल स्वामी रहे। अंपायर के रूप में भवानी, विकी परिहार टूनामेंट में लगभग 25 टीमों ने भाग लिया। इनवीनसिबल डायनामाइट ने 111 रन बनाया, 6 विकेट के नुकसान पर। इसके जवाब में रॉयल बॉयज ने 56 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाए। विजेता इनवीनसिबल डायनामाइट रहे। ट्रॉफी के साथ 21000 रूपए और उप विजेता रायल बायज टीम को 15000 रुपए नगद पुरस्कार मिला और ट्रॉफी प्रदान की गई।

### भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ में रंजीत बने प्रदेश सह-संयोजक

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार के तहत सहकारिता क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की प्रक्रिया के अंतर्गत भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ में नई नियुक्ति की गई है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा रंजीत पांडेय को सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। सहकारिता क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय रहते हुए रंजीत पांडेय ने विभिन्न संस्थाओं में अपनी सेवाएं दी हैं। संगठन ने उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। सहकारिता से जुड़े विषयों पर उनकी पकड़ और लंबे समय से संगठन के साथ जुड़ाव को इस नियुक्ति का प्रमुख आधार माना जा रहा है।

### 12 वर्ष पुरानी स्कूल बसों का होगा पंजीयन निरस्त

जगदलपुर। परिवहन विभाग ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाते हुए 12 वर्ष से अधिक पुरानी स्कूल बसों का पंजीयन रद्द करने की तैयारी की जा रही है। अनफिट बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर जांच की जाएगी, जिसमें फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच शेष पेज 10 पर

# मुख्यमंत्री साय ने लक्ष्मी सखी मिलेट कार्ट का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर

अलग खबर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर जनपद के मिनी स्टेडियम में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लक्ष्मी सखी मिलेट कार्ट का शुभारंभ किया। उन्होंने पांच मिलेट कार्ट को पुनर्वासित महिलाओं एवं एक अन्य महिला हितग्राही को प्रदान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सक्षम योजना से हितग्राहियों को एक-एक लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रद्दत की जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर मिलेट उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कृषि महाविद्यालय के साथ साथी परियोजना अंतर्गत स्व सहायता समूहों एवं युवा महिला उद्यनियों के माध्यम से मिलेट कैफे एवं मिलेट कार्ट खोले जाने की योजना प्रारंभ की गई है। योजना अंतर्गत राज्य के समस्त शैक्षणिक संस्थानो, कार्यालयों एवं पर्यटन स्थलो में स्व सहायता समूहों एवं युवा महिला उद्यमियों के माध्यम से प्रथम चरण में 400 मिलेट कैफे एवं मिलेट कार्ट खोला जाएगा।

## प्रथम चरण में 400 मिलेट कैफे एवं कार्ट खोले जाएंगे

### प्रशिक्षण देकर करेंगे आर्थिक उन्नयन

स्व सहायता समूहो एवं महिला उद्यमियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा, जो महिलाओं के आर्थिक उन्नयन की दृष्टि में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



साथी बाजार एवं साथी मिलेट कैफे स्व सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों को उनके उत्पाद को बेचने का उचित प्लेटफार्म प्रदान करता है ।



### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, वन मंत्री केदार कश्यप सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि सहित सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग शम्मी आबिदी, संचालक डॉ रेणुका श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## हत्या : 4 हत्यारे गिरफ्तार, लड़की पर गुलाल लगाने पर हुआ था विवाद

# मामूली विवाद पर 2 युवकों की चाकू से गोदकर की निर्मम हत्या

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर

- रंगपंचमी के पहले कलचा में होलिका दहन के दौरान हुई दोहरे हत्या की बड़ी घटना

बस्तर जिले के ग्राम कलचा में एक युवती को रंग-गुलाल लगाने के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे चार युवकों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दो युवकों की निर्मम हत्या कर दी। वारदात के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामला नगरनार थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार ग्राम कलचा में रंगपंचमी के एक दिन पहले होलिका दहन एवं मेला का आयोजन किया गया था। यहां रंग-गुलाल खेला जा रहा था।





बताया जा रहा है कि 2 युवक एक युवती को रंग-गुलाल लगा रहे थे। जिसके बाद उसके प्रेमी और दोस्तों को जब इसकी जानकारी मिली तो 4 लोगों ने मिलकर दोनों युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपियों में एक नाबालिग है। हमले में ग्राम साड़गुड़ निवासी उमेश बघेल (23) और रोहित बघेल (17) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के शरीर के कई हिस्सों पर चाकू से वार किए गए। कुछ ही देर के बाद दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने नगरनार पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने कुछ ही घंटों में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग ने बताया कि मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### गुलाल लगाने को लेकर हुआ विवाद

*नगरनार थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि विवाद उस समय शुरू हुआ जब एक युवक की प्रेमिका को बिना अनुमति रंग-गुलाल लगा दिया गया। इसी बात को लेकर कहासुनी बढ़ गई और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया।*

# महिला दिवस पर रंगोली और अन्य स्पर्धाओं में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज जगदलपुर

- प्राचार्य समेत शिक्षकों ने दान से लाभ पर रखे विचार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव ब्लाक बकावंड में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शालेय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शेष पेज 10 पर

### रंगोली में 9वीं की छात्राएं रही अव्वल

रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार 11वीं के कु.निर्मला यादव, कु. बघेल, कु. गणिता बघेल, कु.उर्मिला पटेल, कु.पुलेंद्री बघेल, कु. बुदंती नाग को मिला। द्वितीय पुरस्कार कक्षा 9वीं के कु.जेमा बघेल, कु.नवीना भद्रे, कु.खिरमानी बघेल, कु.सरिता बघेल, कु.निशा बघेल, कु.निरबती भारती ने प्राप्त किया। कक्षा 9वीं के कु.सीमा, कु.अर्पिता, कु.लाली, कु.नव्या, कु.बिंदिया, कु.सुहाना ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।

# गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर

केंद्र सरकार द्वारा घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में अचानक 60 रुपए घरेलू और 115 रुपए कमर्शियल की बढ़ोतरी के विरोध कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने बढ़ी कीमतों को वापस लेने की मांग को लेकर राजीव भवन के समक्ष प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। श्री मौर्य ने कहा मंहगाई को लेकर केंद्र सरकार का फैसला आम जनता पर कुठाराघात है। एक ओर जनता महंगाई से त्रस्त है, वहीं केंद्र सरकार बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ गया है। घरेलू गैस सिलिंडर के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी आम जनता के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी वापस नहीं ली गई तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर बड़ा व उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।



***ये रहे उपस्थित-*** *इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, राजमन बेंजाम, पूर्व अध्यक्ष रामशंकर राव, वरिष्ठ कांग्रेसी हनुमान द्विवेदी, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,जिला उपाध्यक्ष अतिरिक्त शुक्ला, अनूप तिवारी, महामंत्रीगण अभिषेक नायडू, विजय सिंह, जाहिद हुसैन, अल्ताफ उल्ला खान, प्रशांत जैन, सुषमा सुता,अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्षगण सूयापानी, संतोष सेठिया आदि मौजूद रहे।*

# धधकते जंगल को बचाने के लिए आग की लपटों से भिड़ गए दो मासूम





**जगदलपुर।** बस्तर के जंगलों से वीरता और पर्यावरण प्रेम की कहानी सामने आई है। करपावंड रेंज के अंतर्गत मोखागांव के जंगलों में शनिवार को भीषण आग की लपटें उठीं। आग को बुझाने के लिए सरकारी अमले के साथ दो नन्हे बालक धनपुर गांव के 8 वर्षीय मुना और 10 वर्षीय तिलक ने जंगल को जलता देख साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपनी सूझबूझ से वन विभाग के कर्मचारियों को भी हैरत में डाल दिया। ये दोनों बच्चे स्वप्रेरित होकर आग बुझाने के काम में जुट गए। बच्चों के इस निस्वार्थ और साहसिक कदम ने मौके पर मौजूद वन विभाग के कर्मचारियों में उत्साह शेष पेज 10 पर

# संत महात्माओं ने सत्संग के माध्यम से दिया मानव धर्म और सदाचार का संदेश

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर

- सिरहासार भवन में दो दिवसीय सद्भावना सत्संग समारोह का समापन
- हरिद्वार से पहुंचे संतों के प्रवचनों से श्रद्धालु हुए भावविभोर

श्री हंस कल्याण आश्रम एवं मानव उत्थान सेवा समिति जगदलपुर के तत्वावधान में मानव धर्म के प्रणेता सदगुरुदेव सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से दो दिवसीय सद्भावना संत सम्मेलन का आयोजन सिरहासार भवन, सिविल लाइन जगदलपुर में 7 एवं 8 मार्च को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम दिवस 7 मार्च की शाम दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद संत महात्माओं द्वारा सत्संग प्रवचन प्रस्तुत किए गए।

दूसरे दिन हरिद्वार से पहुंचे संत महात्माओं ने विभिन्न धर्मग्रंथों के आधार पर सारगर्भित और प्रेरणादायक प्रवचन दिए। सत्संग में मानव धर्म,सदाचार,आत्मज्ञान और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सत्संग का लाभ उठाया। संत महात्माओं ने अपने प्रवचनों में कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य आत्मज्ञान प्राप्त कर सच्चे मार्ग पर चलना है। उन्होंने बताया कि धर्म,दया,धैर्य और क्षमा जैसे गुण मनुष्य के जीवन को सुखमय बनाते हैं, जबकि बुरी आदतें और नकारात्मक विचार जीवन में अशांति और कष्ट का कारण बनते हैं। संतों ने कहा कि सत्संग, भजन-सुमिरण और गुरु के मार्गदर्शन शेष पेज 10 पर



### सत्संग से मिलती है जीवन को सही दिशा

संत महात्माओं ने सत्संग के माध्यम से कहा कि मनुष्य को अपनी बुरी आदतों और नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागकर सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने बताया कि अधिक भोजन, नशा, आलस्य और कामुकता जैसी आदतें व्यक्ति के स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन को प्रभावित करती हैं। सत्संग, सेवा और गुरु के मार्गदर्शन से मन की चंचलता समाप्त होती है और जीवन में शांति,संतुलन तथा सकारात्मकता आती है। संतों ने कहा कि आत्मज्ञान,धर्म,दया,शांति और क्षमा जैसे गुणों को अपनाकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

## जगदलपुर में कांग्रेस की प्रेसवार्ता, कानून व्यवस्था और महंगाई पर सरकार को घेरा

# भाजपा सरकार में छग बना अपराध का गढ़, सांसद के गृहग्राम में दोहरी हत्या पर कांग्रेस का हमला

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर

बस्तर सांसद के गृहग्राम कलचा में दो लोगों की हत्या की घटना को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य ने आरोप लगाया कि भाजपा की विष्णुदेव सरकार में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बनता जा रहा है और प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। राजीव भवन में रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि होली जैसे पवित्र पर्व के दौरान दोहरी हत्या की घटना होना सरकार के लिए शर्मनाक है। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार में अपराध पर अंकुश लगाने की बजाय स्थिति और बिगड़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय पुलिस व्यवस्था अधिक सक्रिय थी और कानून व्यवस्था बेहतर तरीके से संचालित होती थी, जबकि वर्तमान में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नशाखोरी बढ़ रही है और शराब की बिक्री रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई है। साथ ही यह भी कहा गया कि सरकार आम जनता की सुरक्षा से अधिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं को सुरक्षा देने में लगी हुई है। एक प्रश्न के जवाब में यह भी कहा गया कि कांग्रेस सरकार के समय शराबबंदी के लिए ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव मांगे गए थे, लेकिन पर्याप्त प्रस्ताव नहीं मिलने के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। प्रेसवार्ता में रेखचंद जैन,रामशंकर राव,अभिषेक नायडू,गणेश कावड़े,पार्षद द्वय सूर्या पानी और शुभम यदु सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।




### महंगाई पर केंद्र सरकार असफल

पूर्व विधायक राजमन बेंजाम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले रसोई गैस सिलेंडर लगभग 400 रुपये में उपलब्ध होता था,जो अब बढ़कर लगभग 1200 रुपये तक पहुंच गया है। इसी तरह पेट्रोल और डीजल के दाम भी दोगुने से अधिक हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में विफल रही है और इसका सीधा असर आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था भी कमजोर होती जा रही है और अपराध की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे जनता में असुरक्षा का माहौल बन रहा है।

# दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में सजी हास्य कवियों की महफिल, देर रात तक गूंजते रहे ठहाके

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर

- महिला दिवस पर 'जगत दीदी' का सम्मान, स्थानीय कवियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

होली के पावन अवसर पर शहर की प्रबुद्ध जनता ने दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन का देर रात तक भरपूर आनंद लिया। साहित्य एवं कला समाज जगदलपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कवियों ने हास्य और श्रृंगार रस से भरपूर रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम के दौरान कई रचनाओं पर दर्शक ठहाके लगाने को मजबूर हो गए, तो कुछ कविताओं ने उन्हें भावविभोर भी कर दिया।



जगत दीदी के नाम से प्रसिद्ध अनिता राज के आशीर्वाद से आयोजित इस कवि सम्मेलन में शहर के अनेक साहित्य प्रेमी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हास्य, व्यंग्य और सामाजिक विषयों पर आधारित कविताओं ने श्रोताओं को खूब प्रभावित किया। मंच संचालन सनत सागर ने अपने चुटीले अंदाज में किया और बीच-बीच में प्रस्तुत टिप्पणियों से माहौल को जीवंत बनाए रखा। कवि नरेन्द्र पाढ़ी ने अपने रंगमंचीय शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### जनता की सुरक्षा होगी पहली प्राथमिकताः श्रीवास

**फरसगांव।** थाना में शनिवार को नए थाना प्रभारी के रूप में चन्द्रशेखर श्रीवास ने पदभार ग्रहण किया। जहां थाना स्टॉफ ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । वही पुराने थाना प्रभारी विकासचन्द राय को विदाई दिया गया । पदभार ग्रहण करने के बाद चन्द्रशेखर श्रीवास ने कहा कि क्षेत्र में जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।



उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना पुलिस का मूल दायित्व है, जिसके लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने जनता से सीधे संवाद स्थापित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पीड़ित लोग सीधे थाने आकर या फोन के माध्यम से मदद मांग सकते हैं, और उन्हें किसी दलाल या बिचौलिए की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया।

### पेड़ से गिरने से युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परेंबानगांव निवासी 22 वर्षीय युवक अशोक नेताम पिता स्व अनिल नेताम की पेड़ से गिरने से मौत हो गई।



जानकारी अनुसार मृतक अशोक नेताम शनिवार को शाम करीब 4 बजे घर के पीछे बाड़ी में स्तिथ सियाड़ी पेड़ में चढ़ा हुआ था। और कुछ ही दूर में उसकी माँ और भाई महुआ बीन रहे थे। तभी अचानक पेड़ से कुछ गिरने की आवाज आई तो उन्होंने उस पेड़ के पास जाकर देखा तो उसका भाई पेड़ के नीचे बेहोस पड़ा हुआ था, उसके मुंह नाक और सर से खून निकल रहा था। आस पास के लोगों को आवाज देकर बुलाई। जांच करने पर उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद रात को परिजनों ने तत्काल फरसगांव थाना पहुचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर रात को ही मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु फरसगांव के चीरघर में रखा है। रविवार को जांच पंचनामा कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया ।

### डबरी में मिला युवक का शव, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत ग्राम मरोड़ा निवासी 23 वर्षीय अर्जुन ध्रुवा पिता स्व. झिटकुराम का अज्ञात कारणों के चलते 6 मार्च की रात को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक का शव ग्राम मरोड़ा के डबरी में देखा गया। मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था। मृतक की मौत कैसे हुई यह स्पष्ट नही हो पाया है।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : महिला सशक्तिकरण व जागरुकता पर कर रहे कार्य**

# फरसगांव थाने के पुलिसकर्मियों ने केक काटकर मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को थाने में प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास की उपस्थिति में महिला पुलिसकर्मियों ने उल्लास के साथ केक काटकर विश्व महिला दिवस मनाया। थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास ने सभी महिला पुलिस कर्मियों को बधाई दी और बताया विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में थाना फरसगांव में कार्यरत महिला पुलिस कर्मचारियों के साथ महिला कर्मचारियों के साथ शान्ति तौर पर उल्लास के प्रति केक काटकर इस दिवस को मनाया है। महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा महिला शसक्तिकरण, महिला सम्बंधी अपराध है या बालिका सम्बन्धी अपराधों के बारे में जागरुकता अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया जा रहा है । इनकी इन्हीं मेहनत और लगन को देखते हुए इनके उत्साहवर्धन के लिए यह आयोजन किया गया था। इस दौरान उप निरीक्षक शशिभूषण पटेल सहित सभी स्टाफ के लोग मौजूद रहे ।

## इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में उत्साहपूर्वक मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**कोण्डागांव।** उपडाकघर कोंडागांव में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान उपसंभागीय निरीक्षक आर. एस. मिश्रा एवं शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता ने महिला कर्मचारियों को डायरी और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने महिलाओं की समाज और कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर अपने विचार साझा किए और सभी महिला कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नम्रता बंधैया, मेघा ठाकुर, मुस्कान पटेल, पूजा सोरी, रोशनी पटेल, एसएल गोटी पोस्टमास्टर, सतेंद्र साव उपडाकपाल कोंडागांव नाका, नईम खान, डिकेश मिर्झा, दयाराम ध्रुव, अजय पांडे, गीतेश्वर राव, गुगुलोथ सतीश, रघुचंद नेताम सहित डाकघर के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा।

## महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनी संरक्षण की दी गई जानकारी

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव द्वारा मणि कंचन केंद्र में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस अवसर पर मणि कंचन केंद्र कोंडागांव की सुपरवाइजर रूबी दास, अधिकार मित्र रंजन बेध, लोकेश यादव, पारेश्वर देवांगन एवं रविंद्र बघेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें।

**महिलाओं को बताए गए उनके कानूनी अधिकार** – कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गायत्री साय ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्राधिकरण निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा, संपत्ति में महिलाओं के अधिकार तथा निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।



**निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी** – सचिव सुश्री गायत्री साय ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार के अन्याय, उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में वे निडर होकर प्राधिकरण से संपर्क करें और अपने अधिकारों की रक्षा करें।

## अबीर-गुलाल और फाग गीतों के साथ प्रेस क्लब में मनाई गई होली



**फरसगांव/कोण्डागांव।** कोण्डागांव प्रेस एंड मीडिया फेडरेशन सह प्रेस क्लब में रविवार को होली मिलन समारोह उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में जिले के पत्रकारों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और फाग गीतों के साथ रंगोत्सव का आनंद लिया। समारोह में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, डॉ राजाराम त्रिपाठी आईफा संयोजक सहित कई अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और पत्रकार मौजूद रहे। नगाड़ों की थाप और रंग-गुलाल के बीच माहौल पूरी तरह होलीमय नजर आया और सभी ने मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

- कलेक्टर, एसपी, पूर्व मंत्री व नपा अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने दी एक–दूसरे को बधाई

इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर संवाद और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने कहा कि त्योहार समाज में खुशियां और अपनापन लेकर आते हैं। होली जैसे पर्व लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के करीब लाने का काम करते हैं। उन्होंने सभी को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की शुभकामनाएं दीं। प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र सोनपिपरे एवं पूर्व अध्यक्ष इसरार अहमद सहित अन्य मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का निरीक्षण किया और लाभान्वित किसानों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने किसानों के तालाबों और हैचरी का अवलोकन कर मछली पालन की गतिविधियों की जानकारी ली। निरीक्षण के समय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई भी उपस्थित रहे।

- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से समृद्ध हो रहे किसान

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत ग्राम चुरेगांव कैंप की निवासी सरस्वती बाला को नवीन फिन फिश हैचरी की स्थापना के लिए अनुदान प्राप्त हुआ है। ग्राम चुरेगांव कैंप के कृषक मछली बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बीज उत्पादन एवं मछली पालन का कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार ग्राम सातगांव के श्री गंगाधर नेताम को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पोंड लाइनर तकनीक की स्थापना के लिए कुल 14 लाख



रुपये की लागत में 8 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। इस तकनीक के माध्यम से वे कम स्थान में मछली उत्पादन कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं वहीं ग्राम पल्ली के पकलू मरकाम ने अपनी भूमि में तालाब निर्माण कर मत्स्य पालन को आगे बढ़ाया है। वे मछली पालन के साथ-साथ मुर्गी पालन, सूकर पालन तथा कृषि एवं सब्जी-फल की खेती के माध्यम से समन्वित खेती कर रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका सुदृढ़ हुई है। इस तरह मत्स्य पालन विभाग द्वारा राज्य एवं केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को लाभान्वित करते हुए उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सहायक मत्स्य अधिकारी योगेश कुमार देवांगन, सहायक उद्यानिकी विस्तार अधिकारी लोकेश्वर ध्रुव, नवदीप ठाकुर, महेश बघेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में नन्हे बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय डोंगरीपारा करंजी में नन्हे छात्र–छात्राओं ने रंगों के पर्व होली को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने लाल, पीले, नीले और हरे गुलाल से वातावरण को रंगीन बनाते हुए आपसी भाईचारे, प्रेम, स्नेह और एकता का संदेश दिया। वनांचल क्षेत्र में स्थित इस छोटे से प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने अपने शिक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक टी. एंकट राव तथा शिक्षिका सारिका वैष्णव के मार्गदर्शन में होली का पर्व मनाया। बच्चों ने रंग–बिरंगी टोपियां पहनकर और अपनी हथेलियों को विभिन्न रंगों से सजाकर एक बड़े केनवास पर अपनी हथेलियों की छाप अंकित की। साथ ही रंगीन गुलाल से अलग–अलग आकृतियां बनाकर अपनी रचनात्मकता का

- रंगों के साथ भाईचारा, प्रेम और एकता का दिया संदेश
- रंगों और परंपराओं के साथ अनोखा उत्सव






### प्रकृति, सामूहिकता और अनुशासन का संदेश

कार्यक्रम के दौरान टी. एंकट राव ने विद्यों को संबोधित करते हुए बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति आस्था, सामूहिकता और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने साहित्यकार प्रोफेसर आनंद प्रकाश त्रिपाठी के लेख के अंशों का उल्लेख करते हुए कहा कि होली जीवन की संपूर्णता का उत्सव है, जिसमें मित्रता, करुणा और मानवता के रंग भी शामिल होने चाहिए।

### मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र–छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया गया और सभी ने एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल रंगों का उत्सव रहा, बल्कि उन्हें परंपराओं, रचनात्मकता और आपसी सद्भाव का संदेश भी देने वाला बना।

## विद्यार्थियों को स्वरोजगार व स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला एवं कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के निर्देशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, अकादमिक उद्योग एकीकरण प्रकोष्ठ, कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग समिति तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोंडागांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला उद्योग अधिकारी श्री हिमालय सेठिया ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को केवल नौकरी की अपेक्षा करने के बजाय स्टार्टअप और स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डॉ. आकाश वासनीकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. देवाशीष हालदार, प्राध्यापक लोचन सिंह वर्मा, हुमन राम यदु, पुरोहित सोरी, शोभाराम यादव, रूपा सोरी, विनय कुमार देवांगन, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### जिला उद्योग केंद्र की योजनाओं की जानकारी

प्रबंधक कुसुमलता नेताम ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि विद्यार्थी लघु उद्योग स्थापित करना चाहते हैं तो जिला उद्योग केंद्र उन्हें योजना चयन, परियोजना निर्माण, प्रशिक्षण तथा बैंक ऋण प्राप्त करने में पूरा सहयोग देता है।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत 35ः तक सब्सिडी

सहायक प्रबंधक नम्रता एल्मा ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत मिलने वाली 35 प्रतिशत तक कडी अधिकतम 10 लाख रुपये की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग जैसे अचार, पापड़ मसाला निर्माण, बेकरी एवं मिलिंग जैसे व्यवसाय कम लागत में शुरू किए जा सकते हैं और इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।

### विद्यार्थियों को दिया गया कैरियर मार्गदर्शन

कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग समिति के प्रभारी प्रो. नसीर अहमद ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में अवसरों की कमी नहीं है, बल्कि सही दिशा और आत्मविश्वास की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से अपने कौशल और रुचि के अनुसार उद्यमिता की दिशा में कदम बढ़ाने का आह्वान किया।

## पेज 9 के शेष

### महिला दिवस पर...

हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। 7 मार्च को शाला परिसर में मां सरस्वती वंदना की पूजा, तुषार साहू व्याख्याता, संस्कृत द्वारा मंत्रोच्चारण कर किया गया। तत्पश्चात शिक्षकों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का थीम दान से लाभ पर अपने अनुभव, विचार एवं भाषण प्रस्तुत किए। शिक्षकों लुप्तेश्वर आचार्य, गीता देवांगन, सुनंदा शोरी, सुनीता डहरिया, श्लेषा सेष्थी, इंद्रजीत साहू एवं प्राचार्या मोनिता पानिग्राही ने प्रस्तुत किया।

### धधकते जंगल को...

का संचार कर दिया। नन्हे हाथों को आग से लड़ते देख कर्मचारियों का मनोबल इतना बढ़ा कि सभी ने मिलकर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। मासूमों के इस जज्बे ने यह साबित कर दिया कि यदि मन में इच्छाशक्ति हो तो उम्र कभी बाधा नहीं बनती।

**पूरे समाज के लिए प्रेरणाः डीएफओ-** वनमंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बच्चों की सराहना करते कहा कि इन बच्चों ने जंगल की रक्षा के प्रति जो समर्पण दिखाया है वह पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है। विभाग ने इस साहस का सम्मान करने का निर्णय लिया है और इन बच्चों को जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की सोच हमें यह सिखाती है कि जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि हमारा भविष्य हैं। वन विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि वे अपनी प्राकृतिक धरोहर को बचाने के लिए जागरूक बनें।

**आग दिखने पर दें सूचना-** विभाग ने चेतावनी दी है कि वनों में आग लगाना भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत एक गंभीर और दण्डनीय अपराध है। अधिकारियों ने बस्तर वासियों से अनुरोध किया है कि यदि कहीं भी वनों में अग्नि की घटना दिखाई दे तो तत्काल फायर कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 1800 233 7000 पर इसकी सूचना दें, ताकि समय रहते प्रकृति को विनाश से बचाया जा सके।

### संत महात्माओं ने...

से व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बना सकता है और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त कर सकता है। सद्भावना सत्संग में महात्मा सुनिति बाई, महात्मा दीप्ति बाई, महात्मा चित्रा बाई, महात्मा बागिशा बाई, महात्मा निरा बाई, महात्मा इंदिरा बाई, महात्मा निरंजली बाई और महात्मा विलक्षणा बाई ने अपने प्रवचन दिए। कार्यक्रम में नरोत्तम ध्रुव, द्रोणनाथ, पीएल तारक, रोहित नायक, अशोक नेताम, उग्रसेन पटेल, गणेश साहू, हुलास साहू, अश्वनी कुर्रे, हरिवंश देशमुख, विजय सोनी और डिलेश पटेल सहित मानव उत्थान सेवा समिति के सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण...

अंदाज में वैलेंटाइन डे से जुड़ी हास्य रचना सुनाकर दर्शकों को खूब हंसाया, जबकि सुरेन्द्र कुमार ने व्यंग्यात्मक पंक्तियों के माध्यम से भ्रष्टाचार और सामाजिक विसंगतियों पर कटाक्ष किया। युवा कवियत्री नीता पाण्डे ने हल्बी भाषा में माता दंतेश्वरी की वंदना प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में उपेन्द्र त्रिपाठी, शकुन शेण्डे, विशाल आवारा, महेन्द्र जैन, सुभाष जगदलपुरिया, डालेश्वरी पाण्डे, भोजराज साहू और श्रीवर सिंह ठाकुर ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी योगेन्द्र पाण्डे, भाजपा जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे, बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा, सांसद प्रतिनिधि आनंद मोहन मिश्रा और मनीष मूलचंदानी सहित शहर के कई जनप्रतिनिधि एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

### 12 वर्ष पुरानी स्कूल...

की जाएगी। पंजीयन निरस्त होने के बाद ऐसी स्कूल बसों को सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिया जाएगा कि वे बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गति और जिम्मेदारी के नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। यह कदम बच्चों के परिवहन को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है, और लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि बस्तर जिले में लगभग 120 स्कूल बस संचालित हैं, जिसमें से विभिन्न स्कूलों के बसों 12 वर्ष से अधिक पुरानी है, जो सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार सड़क में चलने लायक नहीं है। संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि विभाग के उड़नदस्ता की टीम को निर्देश दिया जा रहा है कि वे सड़क में चल रही स्कूल बसों की जांच करें और नियमानुसार कार्रवाई करें।

## खबर संक्षेप

### अपनों के खून से लाल हुआ सांसद का गांव



**घाटलोहंगा।** विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष व बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम कलचा में होली मेले के दौरान हुई दो युवकों उमेश बघेल और रोहित बघेल की नृशंस हत्या पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि सांसद महेश कश्यप के अपने ही गृह ग्राम कलचा में इस तरह का जघन्य अपराध घटित हुआ है। जब सांसद का अपना गांव सुरक्षित नहीं है, तो पूरे बस्तर की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। विधायक ने कहा कि होली जैसे पावन पर्व पर आयोजित मेलों में उचित पुलिस सुरक्षा का अभाव स्पष्ट दिखता है। रात के 1:30 बजे सरेआम दो युवकों की हत्या होना यह दर्शाता है कि अपराधियों के मन से कानून का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है। इस दोहरे हत्याकांड के सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए साथ ही, उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए उचित मुआवजे और सुरक्षा की मांग की है।

### कासोली के सीएएफ कैंप में हुआ होली मिलन



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कासोली के सीएएफ कैंप में ऐतिहासिक होली मिलन का कार्यक्रम कैंप प्रभारी घनश्याम सिंह ने आयोजित किया। जिसमे दन्तेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, मंडल अध्यक्ष सुदराम भास्कर, सरपंच शैलेश अटामी, उप सरपंच चैतराम भास्कर, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, पुलिस एवं जवानों द्वारा होली मिलन के कार्यक्रम को गुलाल लगाकर सफल बनाया। सभी के लिए स्वल्पाहार व भोजन की व्यवस्था पुलिस तथा जवानो द्वारा किया गया था। मुख्य अतिथि विधायक को प्रभारी घनश्याम सिंह ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उपस्थित सभी ने नारियल का पौधा रोपण किया। कार्यक्रम समाप्ति बाद प्रभारी ने होली मिलन में उपस्थित होने व सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस प्रकार के कार्यक्रम से पुलिस का जनप्रतिनिधियों और जनता से समन्वय बना रहता है और पुलिस के ऊपर सभी का विश्वास बढ़ता है।

# कृषि विज्ञान केंद्र ने मनाया अंतरष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की महिला स्वसहायता समूहों की सदस्यों एवं ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा केक काटकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ओम प्रकाश ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कृषि, पोषण, आजीविका एवं ग्रामीण विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं दंतेवाड़ा रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में महिलाओं को पशुपालन, डेयरी एवं कुक्कुट पालन के माध्यम से आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी। विशिष्ट अतिथि सहायक संचालक उद्यानिकी दंतेवाड़ा उपस्थित रहे। उन्होने महिलाओं को संबोधित करते हुए समाज एवं कृषि क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एवं सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागी महिलाओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य एवं रंगों के साथ महिला दिवस का आनंद लिया।इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार निषाद, डॉ. ईशांत कुमार सुकदेवे, कार्यक्रम समन्वयक एसके पोडियाम एवं कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार निषाद, डॉ. ईशांत कुमार सुकदेवे, कार्यक्रम समन्वयक एसके पोडयाम एवं कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फाइनल मुकाबले में शामिल हुए उपनेता प्रतिपक्ष

# क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले में तपेश्वरी युवा समिति को खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



माता तपेश्वरी की पावन धरा ग्राम पंचायत कोलावल में माता तपेश्वरी युवा समिति द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के 5वें सीजन के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आगमन पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जगह-जगह माता-बहनों ने पुष्प वर्षा कर और तिलक लगाकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया।

■ विजेता व उपविजेता टीमों को अतिथियों ने किया सम्मानित

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुम्हारावंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 105 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया और क्षमापुर की टीम को जीत के लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। जवाब में मैदान में उतरी क्षमापुर की टीम ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया। एक के बाद एक विकेट गिरने के बावजूद खिलाड़ियों ने संयम और सूझबूझ के साथ छक्कों-चौकों की बरसात करते हुए मुकाबले को अंतिम ओवर तक रोमांचक बनाए रखा।

अंतिम क्षणों में अंतिम बल्लेबाज ने शानदार छक्का जड़ते हुए कोलावल पंचायत की माता तपेश्वरी युवा समिति को इस प्रतियोगिता के 5वें सीजन का खिताब दिला दिया, जिसके बाद पूरे मैदान में उत्साह और खुशी का माहौल बन गया। इस अवसर पर विधायक ने सभी खिलाड़ियों और आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी युवा समिति द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जो सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बस्तर के अंतिम छोर में बसे कोलावल जैसे गांव में इस तरह के खेल आयोजनों का होना क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा और उत्साह को दर्शाता है। यहां के लोगों का आपसी प्रेम, भाईचारा और अपनापन हमारी समृद्ध संस्कृति की झलक प्रस्तुत करता है।

कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 50 हजार तथा द्वितीय पुरस्कार 25 हजार रखा गया था।

इस दौरान अध्यक्ष सोनाधर बघेल, जिला उपाध्यक्ष उत्तम नाईक, कपूर बेसरा, आदिवासी ब्लॉक अध्यक्ष धनुर्जय कश्यप, महामंत्री डोमूराम कश्यप, सरपंच पदमनी कश्यप, उपाध्यक्ष गणेश भारती, मंडल अध्यक्ष अस्तुराम भारती, हेमंत कश्यप, नारायण कश्यप, बैसाखू भारती, दुर्जन कश्यप, सोनसिंग बघेल, सोनसिंग, झितरु राम, सोनफुल, सुर्दशन, मिटू राम, मानसिंह, उर्दो राम सोनी, गणेश भारती, जितेंद्र तिवारी, तुलसी राम ठाकुर, राजेश कुमार कश्यप एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# गंगालूर थाना प्रभारी ने महिलाओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में महिला दिवस के अवसर पर पुलिस द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन गंगालूर थाना में किया गया। जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं भाग लेकर उत्साह दिखाया।

कार्यक्रम का आयोजन बीजापुर पुलिस अधीक्षक के निर्देश और मार्गदर्शन पर थाना गंगालूर के थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश तिवारी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर आसपास के गांवों से लगभग 100 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को साड़ी भेंट कर उनका सम्मान किया गया और समाज में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की गई। इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं समाज की मजबूत आधारशिला हैं और उनके सशक्त होने से ही समाज और देश का विकास संभव है। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी ने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा समाज के साथ मिलकर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

ग्रामीण महिलाओं ने भी पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सम्मान एवं कार्यक्रमों से महिलाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ता है।

# नारी शक्ति के संघर्ष और उपलब्धियों को सेल्यूट करने का दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल




एनएमडीसी बीआईओएम किरंदुल परियोजना की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रशिक्षण संस्थान के आडोटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया।

■ एनएमडीसी के महिला कर्मचारियों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

सर्वप्रथम बीआईओपी सीनि सेके स्कूल की शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक एवं विशिष्ट अतिथि केएल नागवेणी, उप महाप्रबंधक मा.सं. डॉ. मनीषा लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एस.गुहा, उप महाप्रबंधक वित्त राजेश संधू, सचिव एसकेएम संघ, एके सिंह सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन व यूनियन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। सभी आमंत्रित अतिथियों का पुष्पगुच्छ से हार्दिक स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान, समानता और समाज में उनके अतुलनीय योगदान को याद करने का दिन है। यह नारी शक्ति, संघर्ष और उपलब्धियों को सल्यूट करने का दिन है। यह दिन समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा समाज में सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करता है।

कार्यक्रम के दौरान विगत दिनों आयोजित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट टीम के विजेता और उप विजेता महिला टीम खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा ट्राफी और प्रोत्साहन राशि प्रदान किए।

साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को प्रोत्साहन हेतु गिफ्ट कूपन उपहार में दिए गए। कार्यक्रम में महिलाओं ने घर से बनाए हुए विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों, सलाद की कलात्मक सजावट और फूलों की प्रदर्शनी ने आयोजन में आकर्षण बढ़ा दिया। जिसका उपस्थितों ने आस्वादन किया। कार्यक्रम का संचालन अनुपमा भद्र, वरि.शिक्षिका ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सुश्री कुणामी हंसदा, सहा. प्रबंधक मा.सं. ने किया।

### इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति ने मनाया स्थापना दिवस

**घाटलोहंगा।** इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति बस्तर संभाग द्वारा गुरुवार को संगम ग्राम नारायणपाल, आड़ावाल में समिति का प्रथम स्थापना दिवस समारोह एवं बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं, किसानों, ग्रामीणों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लेकर इंद्रावती नदी संरक्षण के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में नदी संरक्षण के साथ-साथ जल, जंगल और जमीन की रक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इंद्रावती नदी बस्तर की जीवनरेखा है और इसका संरक्षण पूरे क्षेत्र के पर्यावरण, कृषि और जनजीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि समय रहते नदी के संरक्षण के लिए ठोस प्रयास नहीं किए गए तो आने वाले समय में इसके दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। इसलिए समाज के हर वर्ग को इस जन आंदोलन से जुड़कर नदी बचाने के प्रयासों को मजबूत करना होगा।

# महिलाएं समाज की शक्ति हैं, हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से दे रही योगदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को थाना कोतवाली में महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना तथा थाने में आने से संबंधित झिझक को दूर करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोम पुजारी नगर पालिका अध्यक्ष, नीना रावतिया जनप्रतिनिधि, उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू, कोतवाली प्रभारी दुर्गेश शर्मा, यशोदा पैकरा पार्षद, ए. खान सेवानिवृत्त शिक्षिका, रेखा दास, पुष्पा रोकडे पत्रकार, पूनम शर्मा एएसआई., जुलेखा खातून व्याख्याता, पत्रकार, आत्मसमर्पित महिलाएं, स्वास्थ्य विभाग, डीआरजी महिला जवान, यातायात तथा कोतवाली थाना स्टाफ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा झंडा दिखाकर महिलाओं की बाइक रैली को रवाना कर की गई। यह बाइक रैली महिला सशक्तिकरण और जागरूकता का संदेश देते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। बाइक रैली के पश्चात थाना परिसर में उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोम पुजारी ने कहा कि महिलाएं समाज की शक्ति हैं और आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा एवं परिश्रम से महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू ने महिलाओं को आत्मविश्वासी और निर्भीक बनने का संदेश देते हुए कहा कि आज की नारी कमजोर नहीं, बल्कि समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने में कभी संकोच नहीं करना चाहिए, क्योंकि कानून और पुलिस सदैव उनके साथ खड़ी है।

नीना रावतिया ने महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अंत में थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया तथा महिला सशक्तिकरण के इस संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने की अपील की गई। यह आयोजन महिलाओं के सम्मान, जागरूकता और पुलिस-जन सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# आमंत्रण पत्र में विधायक को निचले स्थान पर रखना दुर्भाग्यपूर्ण : बैद्यनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



पूर्व जनपद पंचायत सदस्य बैद्यनाथ मौर्य ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित होने जा रहे महतारी वंदन सम्मेलन के आमंत्रण पत्र को लेकर राज्य सरकार, जिला प्रशासन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र में बस्तर के वरिष्ठ विधायक लखेश्वर बघेल का नाम निचले क्रम में रखना न केवल प्रोटोकॉल की अनदेखी है, बल्कि यह बस्तर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और जनता की भावनाओं का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 मार्च को लाल बहादुर शास्त्री मिनी स्टेडियम, जनपद पंचायत बस्तर में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जो निश्चित रूप से एक सराहनीय पहल है। किंतु इस कार्यक्रम के लिए जारी किए गए आमंत्रण पत्र में जिस प्रकार बस्तर क्षेत्र के वरिष्ठ एवं लोकप्रिय विधायक लखेश्वर बघेल का नाम निचले क्रम में रखा गया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार के अधीन कार्य करने वाला जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग प्रोटोकॉल की खुलेआम अनदेखी कर रहा है। किसी भी सरकारी कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को उनके पद और क्षेत्रीय महत्व के अनुसार सम्मानजनक स्थान देना प्रशासनिक परंपरा और प्रोटोकॉल का हिस्सा होता है।

### गंभीर कुपोषण से सामान्य श्रेणी में आई सृष्टि



**बीजापुर।** ग्राम तोयनार के एक साधारण परिवार में जन्मी दो वर्षीय बालिका सृष्टि कुड़ियम आज स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ रही है। एक समय गंभीर कुपोषण की श्रेणी में आने वाली सृष्टि को अब सामान्य श्रेणी में लाने में सफलता मिली है। यह सफलता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर के लगातार प्रयासों और माता मालती कुड़ियम की लगन व समझदारी का परिणाम है। सृष्टि के कुपोषित पाए जाने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा लगातार घर जाकर माता को सही खान-पान और पोषण के बारे में समझाइश दी गई। गृह भेंट के दौरान पौष्टिक आहार, स्वच्छता और बच्चों की नियमित देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# कोंटा के दूरस्थ गांवों में पहुंचकर कलेक्टर-एपी ने जाना हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



जिले के दूरस्थ और दुर्गम इलाकों तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अमित कुमार और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने कोंटा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित करीगुण्डम और निमलगुड़ा गांवों का दौरा किया।

नदी-नालों और घने जंगल-झाड़ियों को पार करते हुए कलेक्टर सहित प्रशासनिक अमला बाइक से गांवों तक पहुंचा और ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। दौरे के दौरान कलेक्टर अमित कुमार और एसपी किरण चव्हाण सीधे ग्रामीणों के घरों तक पहुंचे और उनसे संवाद कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण, शौचालय निर्माण तथा अन्य विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर के साथ जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर और डीएफओ अक्षय भोंसले भी मौजूद रहे। इस दौरान शिक्षित स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मौके पर ही शिक्षादूत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, फड़ मुंशी, सेल्समैन और आंगनबाड़ी सर्वेक्षक जैसे पदों पर शिक्षित युवाओं को चिन्हांकित कर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन की इस पहल से युवाओं में उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। कलेक्टर ने स्व सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बताया कि शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर क्षेत्र में ईमली की खरीदी स्व सहायता समूहों के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी, जिससे ग्रामीणों और समूहों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

# युवा कांग्रेस ग्रामीण की नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में तथा भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु, राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी अमित पाटनीय, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंदर, छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा तथा प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी श्रीपाल कटारिया की अनुशंसा से बस्तर जिला युवा कांग्रेस (ग्रामीण) अध्यक्ष अविशेष डेविड द्वारा जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इस दौरान लोहंडीगुड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ललित पाण्डे से भी चर्चा की गई। नई कार्यकारिणी में यादव को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं गणेश लाल नाग को जिला सचिव एवं सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही योगेश बैज और गजेंद्र ठाकुर को जिला महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए पीसीसी चीफ दीपक बैज बस्तर जिला ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला बस्तर जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष अभिषेक डेविड का धन्यवाद किया। जिला अध्यक्ष अभिषेक डेविड ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ युवाओं की समस्याओं को मजबूती से उठाते हुए संगठन को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



## खबर संक्षेप

### हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने आजीविका डबरी निर्माण प्रारंभ



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के जनपद पंचायत लोहण्डीगुडा के ग्राम पंचायत करेकोट निवासी पीलाराम साहित अन्य ग्रामीण हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में व्यक्तिगत आजीविका डबरी निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। यह कार्य विशेष रूप से हितग्राहियों को स्थायी आजीविका से जोड़ने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस आजीविका डबरी के माध्यम से हितग्राही मछली पालन, साग-सब्जी उत्पादन, पशुपालन एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे। पीलाराम कहते हैं कि निर्धन किसान परिवारों के लिए शासन की यह पहल मेहनत और लगन से आर्थिक संबल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने अपनी डबरी बन जाने के बाद मछलीपालन करने सहित साग-सब्जी पैदावार लेने और डबरी के मेड़ पर केले एवं पपीते जैसे उद्यानिकी पौधे लगाने की बात कही।

### सेवानिवृति के बाद राशि के लिए चक्कर लगा रहे कर्मचारी

**जगदलपुर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने निगम प्रशासन पर कर्मचारियों के वेतन की अनदेखी को लेकर आलोचना की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में



उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को वेतन देने के लिए निगम प्रशासन के पास समय पर पैसा उपलब्ध नहीं रहता है । कर्मचारियों को तीन माह तक वेतन भुगतान नहीं किया जाता है । पार्षदों का मानदेय समय पर देने के लिए असक्षम निगम प्रशासन दो भवन उपलब्ध होने के पश्चात भी किराए का स्थल कृष्णा गार्डन में होली मिलन कार्यक्रम किया गया। यह फिजूल खर्ची है । अनेक सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का ग्रेचयूटी का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। ऐसे कर्मचारी सेवानिवृत के बाद भी बार-बार कार्यालय में आकर गुहार लगाते है। उनका भुगतान किया जाना ज्यादा उचित होगा ऐसे फिजूल खर्ची करने की बजाय।

### सरकारी विद्यालयों के बच्चे पढ़ेंगे अखबार

**जगदलपुर।** प्रदेश भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक मनीष



पारख ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को पत्र लिखकर सभी सरकारी व निजी स्कूलों में कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने की व्यवस्था लागू करने की मांग की थी। इस पत्र पर शिक्षा मंत्री ने कार्यवाही करते हुए पृथक से बजट का प्रावधान किये जाने की अनुशंसा की है। मनीष पारख ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आज के डिजिटल तकनीक के दौर में बच्चे किताबों की बजाय मोबाईल और लैपटॉप पर ज्यादा ध्यान देते हैं, यह चिंता का विषय है। अखबार पढ़ने की रूचि और आदत विकसित करने पर विद्यार्थियों को देश-दुनिया की घटनाओं, सामाजिक गतिविधियों और समसामयिक विषयों की जानकारियां मिलेगी। उन्होंने शिक्षा मंत्री का आभार माना हैं।

### आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी बस्तर इकाई के नेताओं ने बस्तर पुलिस महानिरीक्षक से मुलाकात कर पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बस्तर क्षेत्र में अन्य राजनीतिक दलों की तरह आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी समान सुरक्षा और प्रोटोकॉल प्रदान करने की मांग की। नेताओं का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी राजनीतिक दलों को समान अधिकार मिलना चाहिए और किसी भी दल के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। पार्टी नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी लंबे समय से बस्तर के दूरस्थ और अंदरूनी क्षेत्रों में जाकर जनता की समस्याओं को सामने लाने का काम कर रही है।

# अधिकारियों और जवानों ने जोश एवं समर्पण के साथ किया रक्तदान

## सीआरपीएफ की 87वीं वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना के 87वें वर्षगांठ पर 7 मार्च को कोबरा कॉम्प्लेक्स में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 201 एवं 204 कोबरा बटालियन के ऑफिसर्स तथा कमांडोज ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। यह कार्यक्रम फोर्स के सामाजिक दायित्व और मानवीय संवेदनाओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

रक्तदान शिविर के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे जोश एवं समर्पण के साथ रक्तदान किया। शिविर का आयोजन पूरी व्यवस्था और चिकित्सा मानकों के अनुरूप किया गया, जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा रक्तदाताओं की जांच, पंजीकरण तथा रक्त संग्रहण की प्रक्रिया सावधानीपूर्वक संपन्न कराई गई। रक्तदान करने वाले सभी जवानों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए गए। 201 एवं 204 कोबरा के ऑफिसर्स और कमांडोज का इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेना यह दर्शाता है कि सीआरपीएफ के जवान केवल देश की सुरक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि समाज की भलाई और मानव सेवा के लिए भी सदैव तत्पर रहते हैं। सीआरपीएफ की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित यह रक्तदान शिविर, फोर्स की सेवा, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो समाज में रक्तदान के महत्व को उजागर करने के साथ-साथ लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करता है।



**जवानों के उत्साह और सेवा भावना की सराहना की**

अधिकारियों ने जवानों के उत्साह और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने में सहायक बनता है। समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ यह मानवता और परोपकार की भावना को भी सुदृढ़ करता है।

## आस्था निकुंज वृद्धाश्रम में सेवा व सम्मान का आयोजन

# वृद्धाश्रम की माताओं के साथ मनाया महिला दिवस, रोटरी क्लब ने किया मातृ वंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ माताओं को उपयोगी सामग्री भेंट, पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब जगदलपुर द्वारा आस्था निकुंज वृद्धाश्रम में "मातृ वंदन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धाश्रम में निवासरत माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना था। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने माताओं के साथ समय बिताकर उन्हें सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब की ओर से वृद्धाश्रम में रहने वाली माताओं की सुविधा के लिए झूला,गैस बर्नर,पेडेस्टल फैन, आयरन (इस्त्री) तथा फल भेंट किए गए। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृद्धाश्रम परिसर में पौधारोपण भी किया गया। क्लब के सदस्यों ने कहा कि समाज की इन माताओं के साथ समय बिताना और उनकी सेवा करना सभी के लिए सौभाग्य और गर्व की बात है।

कार्यक्रम के दौरान माताओं के चेहरों पर खुशी और अपनापन साफ झलक रहा था। रोटरी क्लब के इस प्रयास को वृद्धाश्रम प्रबंधन और उपस्थित लोगों ने सराहनीय बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने सेवा, संवेदना और सम्मान के संदेश के साथ महिला दिवस को विशेष और यादगार बनाने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब जगदलपुर के अध्यक्ष राहुल जैन, सचिव अमरदीप सोढ़ी,नवीन भावसार, सुमन भावसार, अर्चना जैन, राहुल मोदी, संग्राम राणा, ममता राणा, सुनील जैन, श्रीधर मद्दी, निखिल दीवान,अभिषेक मद्दी, गणेश गुप्ता, विवेक जैन, सोहन सोनी, दिनेश कागोत,डॉ सरिता थॉमस सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों महिलाओं की हुई जांच

■ निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन की पहल

**जगदलपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के टाउन हॉल में सामाजिक संस्था निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर निगम की स्वच्छता दीदियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। रविवार को आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं को सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही महिलाओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों के संबंध में जानकारी और बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का विशेष सहयोग रहा, वहीं कॉन्टिनेंटल इंटरनेशनल हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी शिविर की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। संस्था की फाउंडर निशा नागवंशी ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष महिला सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। इस वर्ष स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ महिलाओं के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# एनएसएस ने सामाजिक बुराइयों पर दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का हुआ समापन

शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें, छठे एवं सातवें दिवस पर ग्राम में विविध सामाजिक एवं जागरूकता गतिविधियां उत्साहपूर्वक आयोजित की गईं। स्वयं सेविकाओं ने ग्राम का सर्वेक्षण कर आवश्यक जानकारियां एकत्रित की तथा विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उचित मूल्य की दुकान के समीप ग्रामीणों के मध्य नशा मुक्ति विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। यही नुक्कड़ नाटक समापन समारोह में भी विद्यार्थियों और सभी उपस्थित लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य कराया गया तथा खेल एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंतिम दिवस ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। ग्रामीण महिलाओं के लिए मेहंदी एवं बैग निर्माण प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरणा मिली। समापन समारोह में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। शिविर का प्रतिवेदन एनएसएस सहायक अधिकारी एवं व्याख्याता अलका तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सरपंच तामेश्वरी कश्यप, सरपंच पति श्याम सुंदर कश्यप, उपसरपंच चम्पा मौर्य, ग्राम सभा अध्यक्ष मोहंती कश्यप, पंच परशुराम कश्यप, पंच जुगल बघेल, ग्राम पटेल लच्छूराम कश्यप, एएसआई दुशीला भारद्वाज, तथा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक दीपशिखा टोपो एवं शंकर कश्यप उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत श्रीफल एवं स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित किताब भेंट कर किया गया। एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। शिविर की सफलता में एनएसएस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें व्याख्याता सुषमा देवांगन, अलका तिवारी, प्रीति बर्मन, विनीता जैन एवं एंजलिन मैथ्यू का विशेष योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री का हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का नगर पंचायत बस्तर के हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री के साथ वन मंत्री केदार कश्यप और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी आए। इस दौरान विधायक किरण देव, चैतराम अटामी, ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुन्दरराज पी, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

### पेंशनर्स महासंघ का सम्मेलन 7 अप्रैल को

**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग का संभागीय सम्मेलन 7 अप्रैल को जगदलपुर में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन पावर हाउस चौक के समीप बालाजी मंदिर के सामने स्थित उस भवन परिसर में आयोजित होगा, जिसे जिला प्रशासन द्वारा महासंघ के कार्यालय के लिए आबंटित किया गया है। सम्मेलन के साथ ही महासंघ के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन भी किया जाएगा, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को स्थायी आधार मिलने की उम्मीद है। संभागीय सम्मेलन में बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के पेंशनर्स की भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सामाजिक कुरीतियों व चुनौतियों के बावजूद हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मियों का किया सम्मान




छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय में समारोह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविंद नारायण जांगड़े के मार्गदर्शन, निर्देशन में किया गया। न्यायालय की समस्त महिला न्यायाधीशों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विश्वभर में महिलाओं द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रीमती कीर्ति लकड़ा, न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने कहा कि आज महिलाएं अनेक सामाजिक कुरीतियों एवं चुनौतियों के बावजूद हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष उदय लक्ष्मी परमार, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित कुमार कोहली, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) वंदना वर्मा, तृतीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रूपनारायण पाथरे, तृतीय सिविल जज वरिष्ठ प्रभाग अदिति ठाकुर श्रॉफ, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सचिव अंकिता कश्यप, प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, न्यायालय प्रथम सिविल जज वरिष्ठ प्रभाग राहुल श्रॉफ, तृतीय सिविल जज कनिष्ठ प्रभाग नीति एवं चतुर्थ सिविल जज कनिष्ठ प्रभाग नीहारिका तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### महिलाओं को समान अधिकार जरूरी

कार्यक्रम में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, एफटीएससी (पॉक्सो) श्रीमती संगीता नवीन तिवारी ने कहा कि समाज में महिलाओं को समान अधिकार और अवसर प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है, तभी एक समतामूलक एवं न्यायपूर्ण समाज का निर्माण संभव है।

**ये हुए सम्मानित**

विशेष सम्मान समारोह में जिला न्यायालय के महिला कर्मचारियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान से अलंकृत होने वाली महिला कर्मचारियों में मथुरा स्वाई, छाया गढ़पायले, गणेश्वरी मंडावी, उर्वशी रावटे, शकुंतला मंडावी, रामेश्वरी कर्मा, आशाकिरण लवंग, लता शार्वा, महेन्द्री ठाकुर, शांति बाई, रईसा बानो, शोभा शेट्टी, अरुणा कश्यप एवं अंजू बोहरे शामिल हैं।

# कुम्हारपारा में निर्माणाधीन उपकेन्द्र का कार्य अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगी अबाधित बिजली



विद्युत कंपनी के जगदलपुर जोन के कुम्हारपारा क्षेत्र लगभग 10 हजार उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बंद होने, फाल्ट, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से निराकरण के लिए उपकेन्द्र का निर्माणाधीन कार्य अंतिम चरण में हैं। उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति शुरू होगी, जिससे 10 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और लोकल फाल्ट ओवरलोडिंग से राहत मिलेगी।

प्रोजेक्ट के सहायक अभियंता नंदलाल कॉशी ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कुम्हारपारा में उपकेन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए ठेकेदार को निर्देश दिया कि समय सीमा में निर्माण पूरा करें।

# दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में लैंगिक संवेदिकरण पर एफडीपी का शुभारंभ

विशेषज्ञों ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर रखे विचार

उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में लैंगिक संवेदिकरण विषय पर आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में शिक्षकों और प्रतिभागियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर विषय की गंभीरता और प्रासंगिकता पर विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के अतिरिक्त संचालक डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में उद्यमिता एवं खाद्य प्रसंस्करण सलाहकार रजिया शेख ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन से हुई। इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना नाथ ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए एफडीपी के उद्देश्यों और लैंगिक संवेदनशीलता के महत्व पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ योगेन्द्र मोतीवाला ने अपने वक्तव्य में लैंगिक संवेदिकरण की पृष्ठभूमि और इसके सामाजिक महत्व को विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि ने भी अपने संबोधन में समाज में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता ने ग्लास सीलिंग तोड़ना उद्यमिता और महिलाएं" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि महिलाओं को समाज और परिवार में स्वयं को स्थापित करने के लिए कई चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। उन्होंने महिलाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने तथा कम आयु से ही उनमें आत्मविश्वास और कौशल विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में डॉ. श्यामाचरण ने आभार प्रदर्शन किया, जबकि पूरे कार्यक्रम का संचालन बबीता दीवान ने किया।

